




**अतिशीघ्र आवश्यकता है**

20-पद फायरमैन/ 10-सेफ्टी ऑफिसर एवं 20- अग्निशमन वाहन चालक हैवी लाइसेंस, 10-पद इलेक्ट्रिकल, योग्यता-Fire-Safety डिप्लोमा/ITI, अनुभवी एवं फ्रेशर, कद-168cm, उम्र 22 वर्ष, 50-पद-सिक्योरिटी गार्ड 10th पास फ्रेशर कद-168cm, उम्र 20 वर्ष, 20-पद-सिक्योरिटी सुपरवाइजर ग्रेजुएट अनुभव 6 माह, कद-170cm उम्र 22 वर्ष, कार्यस्थल :- संपूर्ण छत्तीसगढ़

भर्ती-दिनांक 26 एवं 27 12.2023

पता:- फायर सेफ्टी इंस्टिट्यूट, कैंपस:- इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़

मोबाइल:-76972-12782


## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ विकास की रफ्तार हुई तेजः ओपी

**रायगढ़।** रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने भाजपा की जीत से डबल इंजन सरकार से विकास की गति को रफ्तार मिलने की जानकारी देते कहा चुनाव के दौरान प्रधान मंत्री मोदी दावा किया था कि भाजपा की सरकार बनते ही डबल इंजन सरकार से विकास को गति मिलेगी। भाजपा की विष्णु देव की सरकार ने शपथ लेते ही गरीबों का आवास एवं दो सालो का बकाया बोनस देने की गारंटी को पूरा किया। विधायक ओपी ने कहा डबल इंजन की सरकार का लाभ बताते हुए कहा छत्तीसगढ़ में विकास हेतु केंद्र ने छ्त्तीसगढ़ सरकार को 2485.79 करोड़ की आर्थिक सहायता प्रदान की है।

### पीएम आवासः प्रगति देखने पहुंचे जिला पंचायत सीईओ

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति का जायजा लेने सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव फील्ड निरीक्षण में पहुंचे। उन्होंने पुसौर विकासखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों का निरीक्षण किया और यहां प्रगतिरत आवास निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने हितग्रहियों से भी चर्चा की। सीईओ श्री यादव ने पुसौर विकासखंड के बुनगा पंचायत का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने पीएम आवास को लेकर पंचायत सचिव से जानकारी ली। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि को ऐसे जो प्रारंभ नही हुए है। उन्हें अगले तीन दिनों में शुरू कराएं।

### कुएं में गिरा साम्हर, मौत वन अमला कर रहा कार्रवाई

**रायगढ़।** बीती रात एक वन्यप्राणी की कुंए में गिरने से मौत हो गई। घटना के बाद मामले की जानकारी मिलने पर विभाग द्वारा आगे की कार्रवाई की गई। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक बटाऊपाली बीट और मानिकपुर गांव के बीच कक्ष क्रमांक 888 आरएफ में एक साम्हर कुंए में गिर गया। जिसकी जानकारी सुबह गिलने के बाद विभाग द्वारा आगे की कार्रवाई की गई है। विभाग के अधिकारी ने बताया की रात की घटना थीए सुबह जानकारी मिलने के बाद आगे की कार्रवाई करते हुए मृत साम्हर को लेकर आगे की कार्रवाई की गई।

### हत्या का फरार आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**रायगढ़।** लैलूंगा के हत्या एवं एट्रोसिटी एक्ट के मामले का फरार आरोपी देव प्रसाद राठिया निवासी गुनू लैलूंगा के लुक छिप कर गांव में आने जाने की जानकारी प्राप्त हुई। आरोपी देव प्रसाद राठिया पिछले साल अक्टूबर माह में अपने 3 दोस्त जलंधर यादव, राम राठिया और गोपाल यादव के साथ मिलकर गांव के युवक शेखर सिदार उम्र 26 साल को मारपीट के बाद शेखर के घर जाकर उसे सिरप के बहाने जहर पिलाकर उसकी हत्या कर दिया था। इस मामले का देव राठिया मुख्य आरोपी था। लैलूंगा पुलिस द्वारा मामले में चार आरोपियों पर हत्या का अपराध कायम कर तत्काल बाद आरोपी जलंधर यादवए राम राठिया को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया। आरोपी गोपाल यादव दियागढ़ गोली कांड का भी आरोपी रहा है जिसे दोनों ही मामलों में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया।

---

एनजीटी ने चिंता जाहिर कर जारी किया था दिशा निर्देश

# गांवों में कचरा प्रबंधन पर ध्यान नहीं सिस्टम का अभाव बना मुख्य वजह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहरों के अलावा अब गांवों में भी कचरा प्रबंधन और सीवरेज सिस्टम के अंतर्गत नाली निर्माण व वेस्ट मैनेजमेंट प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने के निर्देश नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने जारी किए थे। वहीं गांवों से निकलने वाले कचरों के प्रबंधन नहीं होने को लेकर चिंता व्यक्त भी की गई थी। किंतु अब भी जिले के कई गांव है, जहां कचरा प्रबंधन को लेकर खासतौर पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

इस संबंध में बता दें कि बीते 31 मार्च 2023 को एनजीटी ने सुनवाई के दौरान कहा था कि शहर के साथ ही साथ अब गांवों में भी कचरा प्रबंधन और सीवरेज सिस्टम के अंतर्गत नाली निर्माण और वेस्ट मैनेजमेंट प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करना जरूरी हो चुका है। एनजीटी ने ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर तत्काल काम करने के निर्देश भी दिए हैं। एनजीटी ने गांवों में सीवरेज व कचरा प्रबंधन सिस्टम की कमी पर चिंता जताते हुए इस ओर काम करने की बात कही थी। कचरा प्रबंधन में घरेलू कचरा, ई.वेस्ट, बायोमेडिकल वेस्ट, प्लास्टिक वेस्ट सहित कंस्ट्रक्शन के दौरान निकलने वाले अपशिष्ट शामिल हैं। बता दें कि गांवों में नइ कचरों के प्रबंधन को लेकर कोई खास उपाए नहीं





किए जाते, मुख्य रूप से प्लास्टिक व बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट के लिए साधन संसाधन का अभाव होना सबसे बड़ी चुनौती है। वहीं इसके लिए कोई विशेष सिस्टम भी नहीं है। जो कारगर साबित हो सके।

खास खबर

### ई-वेस्ट पर भी काम नहीं

भवन निर्माण या अन्य निर्माण कार्य के दौरान निकलने वाले अपशिष्टों का भी बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करने को लेकर एनजीटी ने निर्देशित किया था। साथ ही सरकार को अलग-अलग सेक्टर में अपशिष्टों की आंकड़ों सहित जानकारी प्रस्तुत करने की बात कही थी। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट के 2 सितंबर 2014 के आदेश के अनुसार ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन व 22 फरवरी 2017 को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के संबंध में उचित कार्यवाही के लिए दिशा-निर्देश दिए जा चुके हैं।

### हर महिने रिपोर्ट देने के थे निर्देश

एनजीटी ने इस संबंध में हुई सुनवाई के दौरान इस मामले राज्य सरकार को नियमों से अवगत कराया। साथ ही कचरा प्रबंधन करते हुए उचित कार्यवाही कर हर महीने रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। एनटीजी के विशेष न्यायालय में सुनवाई के दौरान बायोमेडिकल, ई-वेस्ट का बेहतर प्रबंधन नहीं होने पर विभागों को फटकार भी लगाई थी। पर्यावरण संरक्षण मंडल से मिली जानकारी के मुताबिक प्रदेश में हर वर्ष 40 हजार टन से अधिक ई.वेस्ट निकल रहा है। ई-वेस्ट को लेकर राजधानी सहित अन्य जिलों में बेहतर प्रबंधन का अभाव दिखाई दे रहा है।

### जज की अध्यक्षता समिति का गठन

एनटीजी ने सुनवाई में कहा था कि कचरा प्रबंधन की निगरानी के लिए जज की अध्यक्षता में समिति का गठन करना होगा। वहीं इसकी मानिटरिंग कलेक्टर को करनी होगी। जिलों से रिपोर्ट सरकार को भेजने के बाद यह एनजीटी के समक्ष यह रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। एनजीटी ने कहा है कि गांवों में सालिड वेस्ट मैनेजमेंट, ई-वेस्ट पर तत्काल प्रबंधन सुनिश्चित कराई जाए। यहां प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना की जानी है। नदी-नालों में मिलने वाले गंदे पानी को रोका जाना चाहिए।

### नगर पंचायत में है उठाव की व्यवस्था

वर्तमान स्थिति में नगर पंचायतों में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन की व्यवस्था हैं, लेकिन अन्य गांवों में कचरा प्रबंधन के लिए कोई ठोस कार्ययोजना नहीं बनाई गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि गांवों में सुख-सुविधाओं के उपकरणों में वृद्धि, आबादी बढ़ने से कचरा प्रबंधन की अनिवार्यता तेजी से बढ़ी है।

---

अचानक बदला प्लेटफार्म

# हापा पोरबंदर के बजाय जनशताब्दी एनांउसमेंट, यात्री होते रहे परेशान

रायगढ़। शनिवार की दोपहर को हावड़ा पोरबंदर के आने से ठीक पहले पूछताछ केन्द्र से हापा पोरबंदर का एनांउसमेंट करने के बजाए रायगढ़ से गोंदिया जाने वाली जनशताब्दी का एलाउंसमेंट कर दिया। ऐसे में यात्री दुविधा में नजर आए, वहीं कुछ यात्री तो दोबारा ट्रेन की स्थिति जानने के लिए पूछताछ केन्द्र पहुंचे।

दोपहर करीब एक बजे जब हावड़ा से पोरबंदर जाने वाली गाड़ी कोतरलिया पार कर रही थी। इसी बीच रेलवे स्टेशन में एक एलांउसमैंट ने यात्रियों को दुविधा मे डाल दिया। इस दौरान हापा पोरबंदर का एलांउसमेंट करने के बजाए रायगढ़ से गोंदिया जनशताब्दी एक्सप्रेस का सूचना प्रसारित की गई। अहम बात यह रही कि इस दौरान पूछताछ केन्द्र में यात्री ट्रेन की स्थिति जानने के लिए ही खड़े हुए थे। वहीं इस प्रसारण के बाद यात्रियों ने असमंजस्य की स्थिति देखने को मिली। जानकारी के अनुसार यह एक कर्मचारी की लापरवाही के कारण हुआ, हालांकि जब इस बात का एहसास कर्मचारी को हुआ तो तत्काल पोरबंदर ट्रेन का एनांउसमेंट किया गया। बीते कुछ दिनों में लांग हॉल मालगाड़ियो की वजह से यात्रियों गाड़ियों को रेलवे स्टेशन से पहले ही रोका जा रहा है। वहीं इन मालगाड़ियों के प्लेट फार्म नंबर 1 में खड़े होने की वजह से कई बार डाउन दिशा की ओर जाने वाली यात्री गाड़ियों को प्लेट फार्म नंबर 2 व 3 में ठहराव दिया जाता है। वहीं गाड़ी के प्लेट फार्म बदलने की जानकारी ऐन वक्त पर प्रसारित की जाती है,



ट्रेन पकड़ने रेलवे ट्रेक पार करते दिखे यात्री

### नहीं दिया जाता ध्यान

अहम बात यह है कि यह वाक्या कई बार होता है। हर दूसरे दिन मालगाड़ी वजह से यात्री गाड़ी के ठहराव को अचानक ही एक प्लेट फार्म से दूसरे में शिफ्ट किया जाता है। ऐसी स्थिति यात्रियों में अफरा तफरी का माहौल देखा जाता है। कई बार इसी कारणवश यात्रियों की ट्रेन भी छूट जाती है। मुख्य रूप से दिव्यांग, बुजुर्ग व गर्भवती महिलाओं को ऐसे में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

जिससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शनिवार को ही अचानक गाड़ी का प्लेट फार्म बदलने की वजह से कई यात्री एफओबी से दूसरे प्लेट फार्म पर पहुंचने के बजाए रेलवे ट्रेक पार करते नजर आए। ट्रेन का अचानक प्लेट फार्म बदलने के बाद गाड़ी पकड़ने की जल्दबाजी में बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है।

---

# प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी के निर्णय से किसानों में खुशी

**रायगढ़।** एक नवंबर से प्रारंभ हुई धान खरीदी में अब तेजी आने लगी हैं। जिले में किसान अब बड़ी संख्या में उपार्जन केन्द्रों में पहुंच कर धान विक्रय कर रहे है। जिले के 105 उपार्जन केंद्रो के माध्यम से अब तक 20 हजार 615 किसानों ने 1 लाख 23 हजार 61.60 मिट्रिक टन धान विक्रय कर लिया हैं।

- 3100 रुपए क्विंटल धान खरीदी एवं दो सालों का बोनस मिलने से किसानों उत्साह

जिले में 83 हजार 63 किसानों ने धान बेचने हेतु पंजीयन करवाया हैं। धान खरीदी प्रारंभ होने के साथ ही कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान के परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने हेतु टीम गठित की गई है। अंतर्राज्यीय सीमावर्ती क्षेत्रों में सतत निगरानी के साथ कार्यवाही की जा रही हैं। अब तक अवैध धान परिवहन एवं भंडारण के 7 प्रकरण पर जप्ती की कार्यवाही की जा चुकी हैं। किसान गिरधारी लाल प्रधान ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के द्वारा प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान एवं प्रति क्विंटल 3100 रुपये में खरीदी करने का निर्णय किसानों के हित में सराहनीय पहल है। साथ ही हमें इस बार दोहरा लाभ मिलेगा उनके द्वारा किए गए घोषणानुरूप हमें दो सालों का बोनस भी मिलेगा। जिससे हम जैसे किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार



आएगा। किसान मेहत्तर ओंगरे ने बताया कि पहले सरकार हमसे प्रति एकड़ 15 क्विंटल धान ही खरीदती थी। जिससे मंडी में बेचने के पश्चात जो धान बच जाता था उसे हमें उसे बाहर औने पौने दामों में बेचना पड़ता था और घाटा होता था। लेकिन आज सरकार द्वारा 21 क्विंटल धान खरीदी का निर्णय से हम जैसे किसानों के लिए फायदेमंद है। महिला कृषक लक्ष्मीन साव ने कहा कि यहां मंडी में सभी प्रकार की सुविधाएं है, जिससे धान विक्रय में आसानी हो रही है। इस बार नयी सरकार के गठन से हमें बहुत खुशी है कि हमें दो सालों का बोनस भी इस बार मिलेगा। साथ ही 3100 रुपये क्विंटल में धान खरीदी की जा रही है।

---

# डीएवी पब्लिक स्कूल छाल में मनाया गया वार्षिक उत्सव

**कुड़ेकेला।** नावापारा एसईसीएल आवासीय परिसर में स्थित डीएवी स्कूल में बीते शाम छह बजे मां सरस्वती छाया चित्र पर फूल माला के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया। दीप प्रज्वलन उप क्षेत्रीय प्रबंधक सत्यकाम आनन्द स्कूल प्रचार्य व एसईसीएल जिला से आये अतिथि शिक्षकों के द्वारा किया गया। ततपश्चात सरस्वती वंदना वरदे वीणा वादनी के साथ सरस्वती गान व डीएवी राष्ट्रीय गान के साथ किया गया। तदोपरांत स्कूल के नन्हे मुन्हे बच्चों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत कर समा बांध दिया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथि व बच्चों के पैरेंट्स बच्चों के मनमोहक प्रस्तुति देख मन्त्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम को आगे गति देते हुए लोक निर्त्य के साथ हिंदी उड़ियि बंगाली पंजाबी गुजराती सहित विभिन्न प्रान्तों के विभिन्न भाषाओं में यहाँ के अध्ययनरत एलकेजी से लेकर बारहवीं तक के बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी। वही बच्चों के द्वारा पिछले 10वी व12 बइेब एक्जाम में टॉप किये बच्चों को 5000 नगद राशि का प्रदान किया गया बेमइ 10 बोर्ड के बालक ने स्कूल के नाम रोशन करते हुए पिछले एक्जाम में 99 प्रतिशत अंक अर्जित किया वहीं दर्जनों बच्चे 90

- कार्यक्रम के दौरान अतिथि व बच्चों के पैरेंट्स मनमोहक प्रस्तुति देख मन्त्रमुग्ध हो गए



प्रतिशत से ऊपर अंक अर्जित कर स्कूल के नाम रोशन किये। खेल जगत में फुटबॉल कराते, बॉक्सिंग में जिला राज्य के साथ नेशनल स्तर तक स्कूल के बच्चे पहुँच स्कूल का नाम रोशन किए जिन्हें मेडल प्रशस्ति पत्र आदि से सम्मनित किया गया। बतादें आज का यह वार्षिक उत्सव तीन वर्षों के बाद सम्पन्न हुआ जिसे लेकर स्कूल के सभी बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला जहाँ बच्चे पढ़ाई के डप्रेसन स्वच्छ भारत, जैसे थीम पर भी अपना अलग प्रस्तुति देकर समाज मे एक अलग सन्देश देने का काम किया।बीते वर्षो कोरोना महामारी के वजह से कार्यक्रम सफल नही हो सका था।

---

## अतिक्रमण के विरुद्ध जब्त फल बांटे गए वृद्ध आश्रम में

**रायगढ़।** निगम के अतिक्रमण निवारण दस्ता द्वारा शनिवार को डिग्री कालेज रोड पर कार्यवाही की गई। इस दौरान जब्त फल को वृद्धा आश्रम में बांटा गया। इससे वहां रहने वाले सभी वृद्धजन प्रसन्न हुए और निगम की कार्रवाई की प्रशंसा की। निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी ने सड़क बाधा करने वाले यातायात को प्रभावित करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। निर्देश के तहत निगम के अतिक्रमण निवारण दस्ता द्वारा सड़क किनारे कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। आज अतिक्रमण निवारण दस्ता द्वारा डिग्री कालेज रोड पर कार्यवाही की गई। इस दौरान सड़क के किनारे अतिक्रमण कर फल दुकान लगाने वालों पर कार्यवाही की गई। सड़क के किनारे दुकान नहीं लगाने संबंधित बार बार समझाइश देने के बाद भी नहीं मानने पर आज जब्ती की कार्रवाई की गई। यहां से 4 ट्रे फल जब्त किया गयाए जिसे पहाड़ मंदिर स्थित वृदा आश्रम में बंटवाया गया। वृदा जनों को फल मिलने पर वे बहुत प्रसन्न हुए।

---

## पंथी नृत्य का प्रथम पुरस्कार कोमल बहनों ने जीता

**सारंगढ़।** संत शिरोमणि बाबा गुरू घासीदास की जयंती महोत्सव के रूप में आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारंगढ़ में जिला स्तरीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बिलाईगढ़ क्षेत्र के बालिका पंथी पार्टी घाना के साधना, तनु, विरा, जिया, श्वेता, वर्षा, प्रिया और सोनिया कोमल की टीम ने प्रथम विजेता का पुरस्कार जीता। द्वितीय पुरस्कार सतनामी ग्रुप कन्या शाला सारंगढ़ और तृतीय पुरस्कार सतनाम पंथी पार्टी छिंद को मिला।





मंच संचालन शिक्षाविद प्रियंका गोस्वामी ने की। निर्णायक मंडल में जगन्नाथ केशवानी, मानिक लाल मेहर और संतराम धृतलहरे शामिल थे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों पूर्व विधायक डॉ. छबिलाल रात्रे, केराबाई मनहर सहित शिवकुमारी चौहान, देवकुमारी लहरे, जीवराज प्रकाश रात्रे, नेहरूलाल बंजारे, कृष्णलाल अजगल्ले ने बाबा गुरू घासीदास के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा किया।

---

## लापता युवक का जामगा ब्रिज के नीचे मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

साथियों के साथ उज्जैन जाने के बीच लापता हुए युवक का शव पुलिस ने जामगा ब्रिज के नीचे बरामद किया है। इस मामले में मर्ग कायम करते हुए जांच प्रारंभ कर दी गई है। वहीं शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए शव को परिजनों को सौप दिया गया है।

गौरतलब है कि 16 दिसंबर को अविनाश प्रसाद पिता गोपाल प्रसाद उम्र 32 वर्ष निवासी टाटानगर जुगसलाई, जयंत, सूरज, विशाल चारों साथी उज्जैन जाने के लिए निकले थे। रात में टाटानगर से शालीमार भुज सुपर फास्ट 22830 में सवार हुए। एक साथ बर्थ नहीं मिलने के कारण अलग अलग सीट पर थे। अविनाश ट्रेन के एसी कोच में सफर कर रहा था। रात में सभी एक साथ सवार हुए फिर सो गए। सुबह करीब साढ़े 6 बजे साथी उसके पास पहुंचे। तब युवक सीट पर नही था और उसका मोबाइल सीट के नीचे पड़ा मिला। आसपास में बैठे यात्रियों पूछताछ किया गया तो घंटे भर से सीट में नहीं होने की बात कही इस दौरान ट्रेन रायगढ़ स्टेशन के आसपास पहुंचा था। दोस्तों ने कुछ समय तक इंतजार किया, जब अविनाश नहीं मिला तो उसकी खोजबीन शुरू कर दी। हालांकि अविनाश के बारे में उसके साथियों को कोई जानकारी मिली।

- साथियों के साथ उज्जैन जाने निकला था



### टीटीई से हुई थी बहस

जिसके बाद युवक झारसुगड़ा में इसकी सूचना दे दी है। टीटीई के साथ बहस युवकों के मुताबिक चार दोस्तों में से 1 का सीट कंफर्म नहीं था। उसका वेटिंग था। ऐसे में उसे अपने साथ ही यात्रा करा रहे थे। रात करीब साढ़े 12 बजे ट्रेन में चढ़ और खाना खाकर करीब डेढ़ बजे सब अपने सीट पर चले गए। सुबह करीब 4 बजे टीटीई प्रेमचंद सिंह से किसी बात को लेकर विवाद होने की बात भी कही जा रही है। जिसकी जानकारी बोगी में यात्रा कर रहे यात्रियों ने ही दी।

### जांच में जुटी पुलिस

चक्रधरनगर पुलिस को सूचना मिला कि एक शव जामगा ब्रिज के पास पड़ा हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्ती करने के दौरान पता चला कि यह वही युवक है जो ट्रेन से उज्जैन जाने निकला और लापता हो गया। ऐसे में मृतक के परिजनों के इसकी सूचना दी गई और परिजनों की उपस्थिति में ही मर्ग कायम करते हुए पोस्टमार्टम के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है।

### जांच जारी

लापता युवक का शव बरामद किया गया है। मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी गई है।

\- प्रशांत राव आहेर
थाना प्रभारी, चक्रधर नगर

---

विकसित भारत संकल्प यात्रा का अधिक से अधिक लोगों को मिले लाभ

# पीएम आवास निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव ने गत दिवस जनपद पंचायत रायगढ़ में रायगढ़ विकासखंड के पंचायत सचिवों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने पंचायत स्तर के कार्यों और योजनाओं की समीक्षा की। सीईओ श्री यादव ने सभी सचिवों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रधान मंत्री आवास योजना के कार्य जो प्रगतिरत हैं उनकी पूर्णता को लेकर निर्देश देते हुए कहा कि अंतिम चरण के काम जो शेष हैं उसे एक सप्ताह के भीतर पूरा कर लें। इसमें किसी प्रकार ढिलाई नही होनी चाहिए। श्री सीईओ ने इसके साथ ही पीएम आवास प्लस और स्थायी प्रतीक्षा सूची से संबंधित सारे दस्तावेज पूरे करने के निर्देश दिए जिससे उन्हें आगे योजना से जल्द स्वीकृति प्रदान कर लाभान्वित किया जा सके।

सीईओ श्री यादव ने बैठक के दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा के क्रियान्वयन को लेकर चर्चा की। उन्होंने सभी सचिवों को निर्देशित करते हुए कहा कि यात्रा का उद्देश्य ग्रामीणों को केंद्र शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए जो भी पात्र



हितग्राही हैं उन्हें योजना का लाभ दिलवाना है। ग्राम स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की पूर्व सूचना ग्रामीणों को दें जिससे शासन की योजनाओं का लाभ ले सकें। उन्होंने एक सप्ताह बाद प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तरीय समीक्षा की बात कही। सीईओ ने पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत गांवों में हितग्राहियों के पंजीयन लक्ष्य की समीक्षा की। राष्ट्रीय सुशासन दिवस के आयोजन के तैयारियों को लेकर दिए निर्देश सीईओ जिला पंचायत श्री यादव ने 25 दिसंबर को राष्ट्रीय सुशासन दिवस पर हर ग्राम पंचायत में होने वाले आयोजन की तैयारियों को लेकर निर्देश दिए।

### महिलाओं को स्व-सहायता समूह से जोड़ने दिए निर्देश

सीईओ श्री यादव ने ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण कर वहां ट्रेनिंग ले रही प्रशिक्षणार्थियों से चर्चा की। बताया गया कि अभी सिलाई और आचार बनाने का प्रशिक्षण महिलाओं को दिया जा रहा है। सीईओ श्री यादव ने महिलाओं को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जोडने के निर्देश दिए जिससे उन्हें आगे अपना काम शुरू करने में आसानी हो। उन्होंने ट्रेनिंग कैलेंड्र का भी अवलोकन किया।

### पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन से दें प्रशिक्षण

सीईओ जिला पंचायत श्री यादव ने क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया। यहां सरपंचों और सचिवों को ग्राम पंचायतें जुड़े टैक्सेशन और अन्य काम.काज के लेकर दिए जा रहे प्रशिक्षण का जायजा लिया। सीईओ श्री यादव ने प्रशिक्षण को बेहतर बनाने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन मॉड्यूल के माध्यम से ट्रेनिंग देने के लिए कहा जिससे प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे लोगों को सुविधा हो और वे सारे विषय अच्छे से समझ सकें।

## खबर संक्षेप

### राज्य वीरता पुरस्कार के लिए आवेदन 29 तक

**जांजगीर-चांपा।** शासन द्वारा प्रदेश के बच्चों को किसी घटना विशेष में उनके द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस के लिए राज्य वीरता पुरस्कार प्रदान किया जाना है। इसके तहत 5 बालक, बालिकाओं को 25 हजार रुपये की राशि तथा प्रशस्ति पत्र सम्मान के रूप में प्रदान किया जाएगा। ऐसे वीर बालक-बालिकाएं जिन्होंने अपनी जान की परवाह किये बिना 1 जनवरी से दिसम्बर के मध्य अद्भुत वीरता का कार्य किया हो। किसी दूसरे की जान बचाने का पराक्रम किया हो, को सम्मानित किया जाता है। राज्य वीरता पुरस्कार के लिए आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्यालयीन समय पर 29 दिसंबर तक अनिवार्य रूप से आवेदन प्रेषित कर सकते है। आवेदन निर्धारित समयावधि में जमा नहीं किए जाएंगे वे आवेदन अस्वीकृत किये जा सकेंगें।

### उद्यानिकी फसलों के बीमा 31 तक करा सकेंगे किसान

**जांजगीर-चांपा।** उद्यानिकी खेती करने वाले जांजगीर चांपा जिले के किसान अपने फसल का बीमा 31 दिसंबर तक करा सकते है। टमाटर, बैंगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, प्याज एवं आलू फसल हेतु पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू की गई है। इस योजना में ऋणी कृषक तथा अऋणी कृषक लाभ ले सकते हैं। कृषकों को बीमा कराने हेतु फसलों के अनुसार निर्धारित ऋणमान का 5 प्रतिशत प्रीमियम कृषक अंश राशि के रूप में जमा करना होगा। रबी मौसम के दौरान किसी भी प्रकार के अधिक वर्षा, ओलावृष्टि, अधिक तापमान, सूखा, बिमारी अनुकूल मौसम की नौबत आती है तो फसल बीमा के अनुसार किसानों को मुआवजा दिया जाता है। रबी मौसम के लिये बीमा की अंतिम तिथि 31 नवम्बर निर्धारित की गई है।

### सपने को साकार करने लक्ष्य निर्धारण जरुरी

**नवागढ़।** पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय में 19 दिसंबर को एक दिवसीय कैरियर मार्गदर्शन का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश शर्मा, मुख्य वक्ता श्री राज टेन आन टेन कोचिंग, उपप्राचार्य सुश्री सिंपल रजक, पं. जे. एल. एन. महाविद्यालय के संचालक विनोद कुमार बंसल ने मां सरस्वती के तैल चित्र में पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साथ ही अथितियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। कैरियर गाइडेंस की प्रमुख मार्गदर्शक श्री राज ने बताया कि हमे सबसे पहले अपने आप में एक लक्ष्य तैयार करना जरूरी है तभी हम अपने सपने को साकार कर सकते है। साथ ही हमे अपनी मंजिल जब तक न मिल जाए तत्पर संघर्ष करते रहना चाहिए। अंत में श्री राज ने कहा अपनी मेहनत से अपने लक्ष्य को पाकर अपने मां-बाप ,समाज एवं देश का नाम रोशन करें। आभार व्यक्त करते हुए तेरस दिनकर सहा.प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र ने कहा कि श्री राज द्वारा दिए गए मार्गदर्शन को सभी छात्र-छात्राएं अमल कर अपनी लक्ष्य पर कामयाब होंगे।

### अंचल में ठंड बढ़ने से लोग ले रहे अलाव का सहारा

**डोंगाकोहरौद।** तापमान में गिरावट आने के साथ ही इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। ठंड से बचाव के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे है। अंचल में तापमान में गिरावट के पड़ रही कड़ाके की ठंड ने लोगों को गर्म कपड़े पहनने मजबूर कर दिया है। ठंड के चलते लोग अब जरुरी काम होने पर ही घरों से निकल रहे है। शाम होते क्षेत्र में कंपकंपा देने वाली ठंड पड़ रही है, जो रातभर से अगली सुबह तक लगातार जारी रहती है। लोग बचने के लिए अब जगह-जगह आग तापते नजर आते है। शाम होते ही लोग अपने घरों में दुबक जाते है। जरुरी काम होने पर ही रात के समय घरों से बाहर निकल रहे है। ठंड से बचाव के लिए लोग अभी से अलाव का सहारा लेने लगे हैं। इस दौरान गर्म कपड़े पहनकर इन कपकपाती ठंड में लोग समूह में इकट्ठा होकर आग जलाकर समय-सामयिक घटनक्रमों पर चर्चा एवं बातचीत करते नर आ रहे है। वहीं सुबह निकली सूरज की चमचमाती धूप के बीच लोग अपने अपने घरों के बाहर या मोहल्लों के चौक-चौराहो में जाकर घंटों धूप में खड़े रहते है।

# सेवा और सत्कर्म से लोगों को मिलता है सुकून : पुरुषोत्तम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय से संबद्ध राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लेंन्ध्रा के साथ दिवसीय विशेष शिविर बिरनीपाली जीरानाला में रायगढ़ से संजीवनी अस्पताल के संचालक एवं भारत स्काउट एवं गाइड के कमिश्नर पुरुषोत्तम अग्रवाल तथा रोटरी क्लब का रायगढ़ ग्रेटर के पूर्व अध्यक्ष द्वारा अजय बेरवालए उमेश थवाईत एवं आगामी अध्यक्ष नीरज गुप्ता शिविर स्थल में पहुंचकर स्वयंसेवक छात्र-छात्राओं को पुस्तक कॉपी पेन एवं थाली गिलास बांटकर उनका प्रोत्साहन किया वहीं चेंबर ऑफ कॉमर्स इकाई बरमकेला के अध्यक्ष रतन शर्मा की अगवाई में डेढ़ सौ वृद्धजनों को कंबल बांटकर सेवा कार्य किया गया।

■ कोरोना से भी अधिक मौत हो रही शराब से, सजग हो जाये युवा : रतन शर्मा

विदित हो कि नशा मुक्त समाज के लिए युवा थीम को लेकर इन दिनों राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों का विशेष शिविर ग्रामीण अंचलों में संचालित है इसी क्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लेन्ध्रा के एनएसएस इकाई का विशेष शिविर बिरनीपाली जीरानाला सत्य महिमा आश्रम में 20 दिसंबर से 26 दिसंबर तक संचालित है जहां स्कूल के साठ स्वयंसेवक प्राचार्य राजकुमार पटेल केदिशा निर्देश तथा अपने कार्यक्रम अधिकारी बुद्धदेव मिश्रा एवं कार्यक्रम सहयोगी सरोज साहू के नेतृत्व में शिविर स्थल में पहुंचकर विभिन्न रचनात्मक सेवा कार्यों को अंजाम दे रहे हैं। इस शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक भोजराम पटेल रायगढ़ के समाजसेवी संस्था से पदाधिकारी को लेकर शिविर में पहुंचे तथा बरमकेला चैंबर ऑफ कामर्स अध्यक्ष रतन शर्मा, रामेश्वर बारिक, बाबूलाल पटेल, मोहन नायक एवं शोभादास महंत भी सामग्री वितरण में अपनी विशेष भूमिका निभाई। शिविर स्थल पर पहुंचते ही अतिथियों का कीर्तन मंडली एवं गाजे बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया एवं भजन कीर्तन करते हुए शिविर स्थल तक ले जाया गया जहां राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतीक पुरुष स्वामी विवेकानंद एवं मां शारदा की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई और एनएसएस के गीत उठे समाज के लिए उठें उठें उठें। जगे समाज के लिए जगें जगें जगे। का भी सामूहिक स्वर में गायन किया गया कार्यक्रम अधिकारी बुद्धदेव मिश्रा ने शिविर की गतिविधि एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी तथा आगंतुक अतिथियों का स्वागत उद्बोधन दिया।पत्रकार मोहन नायक ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविरों को ग्रामीण जागरूकता और शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए महत्वपूर्ण बताया। उद्बोधन क्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक भोजराम पटेल ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य एवं गतिविधियों की जानकारी दी तथा अपने प्रेरक उद्बोधन में वृद्धजनों की सेवा सहयोग को अपने जीवन में उतारने खुद को सुधारने, नशा से दूर रहने का भी आह्वान किया। श्री पटेल ने नशा के खिलाफ गीत के माध्यम से समां बांधा।




### बुजुर्ग महिला पुरुषों को बांटा गया कंबल

शिविर स्थल में चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी अध्यक्ष रतन शर्मा एवं उनकी टीम द्वारा डेढ़ सौ महिला एवं पुरुष वृद्ध जनों को कंबल वितरित कर उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई कंबल प्राप्त कर वरिष्ठ नागरिकों के चेहरे पर विशेष संतुष्टि एवं आशीर्वाद का भाव अभिव्यक्ति देखी गई। वही एनएसएस परिवार की ओर से समस्त अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया रायगढ़ से पधारे पुरुषोत्तम अग्रवाल एवं रतन शर्मा द्वारा कीर्तन मंडली के कलाकारों का भी नगद पुरस्कार देकर प्रोत्साहन किया गया।

### नशा के दुष्परिणामों से व्यथित हैं समाज : रतन

बरमकेला अंचल के प्रतिष्ठित समाज सेवी एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रतन शर्मा ने कहा कि नशा से हमारा समाज खोखला हो रहा है इससे समाज को बचाने के लिए युवाओं को संकल्प लेना है जितनी मौत कोरोना से नहीं होती उससे अधिक मौत शराब सेवन से हो जा रही है इसलिए हमें सजग होने की आवश्यकता है इसके दुष्परिणों से हमारा समाज व्यथित है।

### सेवा से मिलता है सुकून

रायगढ़ से पहुंचे समाजसेवी एवं संजीवनी हॉस्पिटल के संचालक तथा भारत स्काउट एंड गाइड के आयुक्त पुरुषोत्तम अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि व्यक्ति अपने व्यस्ततम समय में समाज सेवा में राजनीति के रचनात्मक कार्यों के लिए जब समय देता है तो उसे सुकून मिलता है आपके पास हमें आकर एक विशेष सुखद अनुभूति हुई है हमने अपने छात्र.छात्राओं के लिए सहयोग के रूप में कुछ सामग्री प्रदान की है यह उन्हें प्रेरणा देगी हमारी यही मान्यता है ।

## केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से शत प्रतिशत जोड़ने की हो रही पहल

# पीएम जनमन योजना: बिरहोर बाहुल्य गांवों में लगाए जा रहे विशेष शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान ;पीएम जनमनद्ध योजना के अंतर्गत जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर परिवारों को शासकीय योजनाओं से शत.प्रतिशत जोडऩे और उन्हें मूलभूत सुविधाओं का लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से जिले बिरहोर बाहुल्य गांवों में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने निर्देशन और सीईओ जिला पंचायत व कार्यक्रम के नोडल जितेन्दर यादव के मार्गदर्शन में 23 से 26 दिसंबर तक जिले धरमजयगढ़, लैलूंगा, घरघोड़ा और तमनार विकासखंड के बिरहोर बाहुल्य गांवों में इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन 23 दिसंबर को धरमजयगढ़ ब्लॉक के बिरहोर बाहुल्य गांवों चिखलापानी, खलबोरा, बरपानी, बसंतपुर व रायमेर में शिविर लगाया गया। जिसमें विभागीय अधिकारियों ने शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर पात्र हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित करने आवेदन लिए गए। इस दौरान गांवों में स्वास्थ्य विभाग और राजस्व विभाग ने कैंप भी लगाया। इस अवसर पर उपायुक्त आदिवासी विकास बीके राजपूत, एसडीएम धरमजयगढ़ डिगेश पटेल सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।



### मेडिकल कैंप लगाकर की गई स्वास्थ्य जांच

इस दौरान शिविर आयोजन वाले गांवों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल कैंप लगाकर शिविर में आए लोगों के आयुष्मान कार्ड निर्माण के साथ निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। जहां टीबीए गैर संचारी रोगए सिकल सेल की स्क्रीनिंग की गई। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की जांच कर दवाईयां दी गईं।

पीएम जनमन योजना का मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में सुधार के साथ ही उनका सर्वांगीण विकास कर उन्हें राष्ट्र की मुख्य धारा में शामिल करना है। उल्लेखनीय है कि विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों बैगा, बिरहोर, अबुझमाडिय़ा, कमार एवं पहाड़ी कोरवा के सर्वांगीण विकास को दृष्टिगत रखते हुए 15 नवंबर 2023 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान पीएम जनमन योजना प्रारंभ की गई है।

### इन योजनाओं से लाभान्वित होंगे हितग्राही

आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, एफआर, पट्टा, वोटर आईडी, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, केसीसी, पीएम जनधन, पीएम उज्जवला, पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम जीवन ज्योति बीमा, पीएम सुरक्षा बीमा, पीएम विश्वकर्मा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, पीएम मातृवंदना योजना, पीएम सुरक्षित मातृ अभियान, पीएम नेशनल डायलीसिस प्रोग्राम, सिकल सेल मिशन, नेशनल टीबी मुक्ति प्रोग्राम, पक्का मकान व कौशल विकास हेतु शत.प्रतिशत हितग्राहियों का चिन्हांकन, पंजीयन कर योजना से लाभान्वित करना है।

### 26 दिसंबर तक लगेंगे शिविर, ये है शेड्यूल

पीएम जनमन योजना के अंतर्गत 24 दिसम्बर को विकासखण्ड धरमजयगढ़ के ग्राम कीढ़ा, सकरलिया, बलपेढ़ा, खर्रा एवं खम्हार में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह 25 दिसम्बर को विकासखण्ड तमनार के कचकोबा, कोड़केल एवं हिंझर, घरघोड़ा के कोटरीमाल, लैलूंगा विकासखण्ड के ग्राम पोटेबिरनी, बरडीह, जमुना, कुर्रा एवं झगरपुर में शिविर आयोजित किए जाएंगे। 26 दिसम्बर को धरमजयगढ़ विकासखण्ड के ग्राम जमरगा, तेजपुर, नकना, रूंवाफुल, जमरगी डी एवं ओंगना में शिविर का आयोजन होगा।



# नक्सलियों ने गोइलकेरा पोसैता रेलवे ट्रैक को बम से उड़ाया

**रायगढ़।** हावड़ा-मुंबई मुख्य रेल मार्ग के गोइलकेरा पोसैता सेक्शन अंतर्गत नक्सलियों ने रेलवे ट्रैक उड़ा दिया। घटना गुरुवार देर रात की है। बता दें कि आज 22 दिसंबर को नक्सलियों का भारत बंद है, लेकिन बंद शुरू होने से पहले ही नक्सलियों ने गोइलकेरा पोसैता सेक्शन अंतर्गत कारो ब्रिज के समीप पोल संख्या 356/29 के सामने तीसरी रेल खंड की पटरी को उड़ा दिया। पटरी के उड़ने से तीसरी लाइन के ओएचई रेल के स्लीपर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए, वहीं रेलवे ट्रैक करीब एक मीटर तक बैंड हो गया। इधर रेलवे ट्रैक विस्फोट की खबर सुनते ही चक्रधरपुर डिवीजन में रेल के पहिए थम गए हैं। इस मार्ग से गुजरने वाली सारी ट्रेनों को जहां तहां खड़ा कर दिया गया। वहीं झारखंड जाने वाली करीब आधा दर्जन गाड़ियों के प्रभावित होने की बात सामने वाला रही है। पश्चिमी सिंहभूम के एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि घटना रांची से करीब 150 किलोमीटर दूर महादेवसाल और पोसोइता रेलवे स्टेशनों के बीच गुरुवार देर रात हुई। उन्होंने कहा कि इलाके में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। रेलवे पटरियों पर मरम्मत की काम सुबह से शुरू कर दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि माओवादियों ने इलाके में बैनर और पोस्टर भी लगाए हैं। वहीं दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के सहायक वाणिज्यिक प्रबंधक विनीत कुमार ने बताया कि ट्रेन का परिचालन शुक्रवार सुबह 8 बजकर 15 मिनट पर फिर से शुरू कर दिया गया। उन्होंने बताया कि इस विस्फोट में लगभग दो से तीन मीटर तक पटरियां क्षतिग्रस्त हो गईं। घटना के तुरंत बाद चक्रधरपुर मंडल में ट्रेन सेवाओं को रोक दिया गयाए रेलवे अधिकारी जल्द ही घटना के कारण रोकी गई और रद्द की गई ट्रेनों की संख्या के बारे में एक रिलीज जारी की जाएगी।

■ झारखंड जाने वाली आधा दर्जन ट्रेनें प्रभावित

# पुसौरवासियों को केंद्र सरकार की योजनाओं का नहीं मिल रहा लाभ, स्थानीय अधिकारी बने लापरवाह

**पुसौर।** पुसौर के नगर एवं ग्राम पंचायत अंतर्गत केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में भारी कोताही बरती जा रही है जिससे उसका लाभ प्रत्येक परिवार अथवा जन जन तक नहीं पहुंच रहा है। नगर पंचायत पुसौर में तमाम मुलभूत आवश्यकताओं के अलावे पीएम आवास, स्वच्छता अभियान हो अथवा खुले में मांस मछली बेचने के हालिया फरमान कुडेदान में नजर आता है। वहीं नगर की पेयजल व्यवस्था वर्षो से अस्त व्यस्त है।

जन चर्चा के मुताविक प्रशासनिक दक्षता की कमी हो या फिर स्थानीय कांग्रेस नेतृत्व की मानसिकता हो। कारण चाहे जो भी हो नगर पंचायत पुसौर के विकास कार्यो में खास कर केन्द्र सरकार की योजनाओं का बुरा हाल है। क्या नगर पंचायत पुसौर यह जहमत उठाने को तैयार है कि केन्द्र सरकार की पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्जवला योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैण्ड अप इंडिया, आयुश्मान भारत, पीएम आवास योजना, स्वच्छ भारत अभियान, पीएम ई बस सेवा, कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन/अमृत/, पीएम भारतीय जन औशधि परियोजना, उजाला योजना, पीएम सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान अवसंरचना, आरसीएस उडान, वंदे भारत ट्रेन और अमृत भारत स्टेशन योजना तथा स्वामित्व योजना आदि लोक हित के केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के योजनाओं के सम्मानजनक आंकडों तक पुसौर नगर पंचायत पहुंच ही नही पाई है। ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत केन्द्र सरकार की योजनाओं में आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, पीएम आवास, उज्जवला योजना विश्वकर्मा योजना किसान सम्मान निधि योजना किसान क्रेडिट कार्ड पीएम पोषण अभियान, हर घर जल जल जीवन मिशन, नैनो फर्टिलाईजर, पीएम प्रणाम योजना अटल पेंशन योजना, सुरक्षा बीमा योजना जीवन ज्योति बीमा योजना, जनधन योजना आदि के तहत जनपद पंचायत पुसौर के माध्यम से ग्राम पंचायतें उक्त योजनाओं को क्रियान्वित करने कितने प्रतिशत सफल इस तथ्य की जानकारी प्रकाश में नहीं आया है।



आज जबकि छग में भाजपा की मजबूत सरकार है और रायगढ विधानसभा सीट के दमदार विधायक ओपी चौधरी साहब है। ऐसे में पुसौर नगर पंचायत और जनपद पंचायत की जनता आशा अपेक्षा और उम्मीदों से चहुमुखी विकास की बाट जोह रही है। अब देखना है स्थानीय प्रशासन विभिन्न शासकीय योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने में कितनी सफल होगी।

## 6 गावों में आयोजित की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा



**सारंगढ़।** सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू किए गए विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत जिले के 4 वाहनों से 6 ग्राम पंचायतों मुड़पार बड़े, चांटीपाली, बिलाईगढ़ अए साल्हेओना, चकरदा, मंधाईभाठा, लिमतरी और कोरकोटी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सभी ने विकसित भारत के निर्माण के लिए शपथ ली। धरती कहे पुकार के अंतर्गत स्वसहायता समूह की महिलाओं ने जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए नाट्य प्रस्तुति दी तथा रासायनिक खेती के दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की योजनाओं को जनसामान्य तक पहुंचाया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रारंभ में मोबाईल वैन का स्वागत समिति द्वारा स्वागत किया गया। वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का वाचन किया गया। इस अवसर पर सभी ने विकसित भारत के लिए संकल्प लिया एवं चलचित्र के माध्यम से विकसित भारत के उद्देश्य की सामान्य जानकारी दी गई। वैन के माध्यम से कृषि गतिविधि और ड्रोन का प्रदर्शनए मृदा परीक्षण स्वाईल हेल्थ कार्ड डेमोंट्रेशन का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण कर किया गया। इस अवसर पर अतिथियों एवं ग्रामीणों ने विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी देने के लिए लगाए गए स्टाल का अवलोकन किया।

## शहीद विवेक शुक्ला विद्यालय में आनंद मेले का आयोजन



**सरसीवां।** स्वामी आत्मानंद शहीद विवेक शुक्ला शाउमावि सरसीवां का स्कूल प्रांगण आज तरह तरह के पकवानों से महक उठा। कहीं समोसे बड़े बनाए जा रहे थे तो कहीं भेल चाट तैयार हो रहे थे तो कहीं मोमोज, सैंडविच, मंचूरियन बर्गर से स्टाल सजा था तो कहीं रसगुल्ला हलवा, छोले भटोरे भरोसा जा रहा था। यह अवसर था स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम के छात्रों द्वारा आयोजित आनंद मेला का। प्रथम दिवस आनंद मेले का उद्घाटन प्रभारी प्राचार्य आर के मनहर एवं संकुल समन्वयक व प्रधान पाठक एनके दुबे द्वारा फीता काटकर किया गया। द्वितीय दिवस का उद्घाटन नवनिर्वाचित विधायक कविता प्राण लहरे, गोपाल पांडेय, सरसीवां नगर पंचायत अध्यक्ष नीतीश बंजारे की उपस्थिति में किया। विधायक कविता लहरे ने आनंद मेला की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे छात्रों में रचनात्मक कार्यों के प्रति रुचि जागृत होती है। आनंद मेला प्रभारी उमेश कुमार जांगड़े ने बताया कि स्कूल परिसर में विभिन्न स्टॉल लगाकर 6वीं से 12वीं के छात्रों द्वारा अलग.अलग तरह के पकवान तैयार किए गये थे। खरीदी बिक्री के लिए एक काउंटर से 10 रुपए का कूपन जारी किया जा रहा था। उस कूपन के बदले में सामान खरीदते थे। प्रथम दिवस 26400 रुपए एवं द्वितीय दिवस 40200 रुपए की बिक्री हुई। आनंद मेला में बच्चों के लिए झूला एवं अन्य मनोरंजन के साधन की व्यवस्था की गई थी।

# दुष्कर्म का आरोपी सक्ती से गिरफ्तार

**रायगढ़।** जूटमिल पुलिस द्वारा युवती से दुष्कर्म के फरार आरोपी संजय चौहान को सक्ती जिले के डभरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अकोलजमोरा में छापेमार कार्रवाई कर हिरासत में लिया गया जिसे आज दुष्कर्म के अपराध में कोर्ट पेश कर जेल दाखिल किया गया है। आरोपी संजय चौहान के विरुद्ध थाना जूटमिल में 28 नवंबर को पीड़ित युवती द्वारा आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि वर्तमान में वह किराया मकान लेकर अपने भाई बहनों के साथ रहती है। उसके माता-पिता बाहर कमाने खाने गए हैं। करीब 4 साल पहले उसकी पहचान संजय चौहान से हुई संजय उसे पसंद करने लगा और शादी करूंगा कहकर करीब 4 साल पहले उसके दोस्त के घर घूमाने ले जाकर बहला फुसलाकर बगैर सहमति के शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद अन्य कई स्थानों पर भी शादी करने की बात कहकर संजय शारीरिक संबंध बनाया। दोनों के बीच प्रेम संबंध की जानकारी संजय के घरवालों को भी थी। उनके घर वाले दोनों की कोर्ट में शादी करायेंगे कह कर आश्वासन दिए थे। 22 नवंबर को संजय का जीजा सभी कागजात आधार कार्ड वगैरह लेकर कोर्ट पहुंचने कहने पर कोर्ट पहुंची पर संजय कोर्ट नहीं आया। संजय की मां से पूछने पर 2 दिन बाद कोर्ट में शादी कर देंगे कह कर बोली पर जब संजय के घर गई तो संजय शादी से साफ मुकर गया और घर से बाहर निकाल दिया। युवती द्वारा संजय चौहान पर कार्यवाही के लिए आवेदन दिये गये आवेदन पर थाना जूटमिल में दुष्कर्म का अपराध कायम कर आरोपी की पतासाजी किया गया। आरोपी अपने निवासी ग्राम अकोलजमोरा डभरा और ग्राम लंकापाली पुसौर दोनों स्थानों पर आना जाना कर रहा रहा था जिसे रिपोर्ट दर्ज होने की जानकारी पर आरोपी गिरफ्तारी से बचने लगातार फरार था जिसे कल मुखबिर सूचना पर जूटमिल पुलिस द्वारा डभरा जाकर उसके गांव से हिरासत में लेकर रायगढ़ लाया और 23 दिसंबर को दुष्कर्म के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



### लक्ष्य निर्धारण जरुरी

**नवागढ़।** पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय में 19 दिसंबर को एक दिवसीय कैरियर मार्गदर्शन का आयोजन हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य मुख्य वक्ता उपप्राचार्य पं. जे. एल. एन. महाविद्यालय के संचालक ने मां सरस्वती के तैल चित्र में पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

Health Town

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन

जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।



# सालार ने तोड़े ऑलटाइम रिकॉर्ड, कमाए 116 करोड़!

**मुंबई।** 'सालारः पार्ट 1- सीजफायर' बॉक्स ऑफिस पर मोटी कमाई कर सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक ओपनिंग डे पर सालार, 100 करोड़ से अधिक घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कमाई कर सकती है। सालार ने रिलीज के साथ ही ओपनिंग डे में इतिहास रच दिया है। ऑरमैक्स मीडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक 'सालारः पार्ट 1- सीजफायर' पहले ही दिन घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ क्लब में शामिल हो जाएगी। अनुमानित कलेक्शन के मुताबिक 'सालार' पहले दिन घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 116.8 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन कर सकती है। जिस में से करीब 71.2 करोड़ ग्रॉस तेलुगू से और बाकी 45.6 करोड़ रुपए अन्य भाषाओं से होगा।

## लाइफ Style

# दीपिका



## 'इश्क जैसा कुछ' में ऋतिक संग लगाई आग

ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण स्टारर 'फाइटर' का पहला गाना 'शेर खुल गए' 15 दिसंबर को रिलीज हुआ था, और अब मेकर्स ने नया गाना 'इश्क जैसा कुछ' रिलीज किया है। दीपिका की लुक की वजह से यह गाना रिलीज होते ही सुर्खियां बटोर रहा है। ऋतिक और दीपिका की सिजलिंग केमिस्ट्री, उनके डांस मूव्स और साथ ही दीपिका का ब्लैक बिकीनी अवतार फैंस के दिलों में आग लगा रहे हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

गाने का म्यूजिक भी कमाल का है, जिसकी फैंस तारीफ कर रहे हैं। हालांकि इस गाने का फील कुछ कुछ 'पठान' के 'बेशरम रंग' जैसा फील देता है। इश्क जैसा कुछ... यूट्यूब पर तेजी से वायरल हो रहा है। रिलीज के दो घंटे के अंदर ही इस गाने को साढ़े छह लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। जहां 'शेर खुल गए' एक पार्टी एंथम था, वहीं 'इश्क जैसा कुछ' एक डांस नंबर है, जिसे सुनते ही कदम अनायास ही थिरकने लगेंगे। फैंस का कहना है कि ऋतिक रोशन ने अपने डांस और दीपिका पादुकोने के साथ सिजलिंग केमिस्ट्री से इस गाने में जान डाल दी है। गाने के हुक स्टेप की भी खूब तारीफ हो रही है। फैंस का कहना है कि इस गाने को जितनी बार सुन रहे हैं, उतना ही यह सिर चढ़ रहा है। यह काफी एडिक्टिव सॉन्ग है। 'इश्क जैसा कुछ' गाना अपने शानदार रोमांटिक ट्रैक, ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की जबरदस्त जोड़ी के बीच की दमदार केमिस्ट्री, खूबसूरत नजारे और गहराई से जुड़ने वाले म्यूजिक के साथ दर्शकों के दिलों को दीवाना करता है। विशाल-शेखर, शिल्पा राव और मेलो डी ने इस गाने को अपनी आवाज दी है। वहीं कुमार, मेलो डी और विशाल ददलानी ने लिरिक्स लिखे हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# यौन उत्पीड़न के आरोप

**लॉस एंजिलिस।** 'फास्ट एंड फ्यूरियस' के एक्टर विन डीजल पर उनकी एक्स असिस्टेंट ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। गुरुवार को लॉस एंजिल्स में दायर मुकदमे के अनुसार, एस्टा जोनासन का दावा है कि एक्टर ने अटलांटा में 'फास्ट फाइव' के सेट पर काम करने के दौरान 2010 में उनका यौन उत्पीड़न किया था। उनका दावा है कि 2010 में डीजल ने उन्हें होटल के एक कमरे में दीवार के सटा दिया था और उनके सामने मास्टरबेट किया था।




# ब्रिटनी ने दिखाई घर के अंदर जले हुए जिम की तस्वीर

**लॉस एंजिलिस।** फेमस अमेरिकी सिंगर रहीं ब्रिटनी स्पीयर्स ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की है। इसमें उन्होंने अपने घर के अंदर की झलक दिखाई है जिसमें कमरे के अंदर सबकुछ जला हुआ दिख रहा है। ब्रिटनी के घर का ये नजारा उनके घर के अंदर जिम का है, जो पूरी तरह से जला हुआ नजर आ रहा है। हैरानी वाली बात ये है कि ब्रिटनी ने कहा है कि इसे किसी और ने नहीं बल्कि उन्होंने खुद जलाया है। हालांकि, यहां बता दें कि ये तस्वीर आज की नहीं बल्कि तीन साल पुरानी साल 2020 में लगी आग की है। इस घटना में उनका होम जिम पूरी तरह से जल गया। 42 साल की ब्रिटनी ने 19 दिसंबर, 2023 को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लॉस एंजिलिस वाली हवेली में जले हुए जिम और कमरे में मौजूद जिम उपकरणों की झलक दिखाई है।



# अनन्या की बात से रोने लगती थी...

**मुंबई।** स्टारकिड अनन्या पांडे और सुहाना खान बचपन से एक अच्छी दोस्त हैं। दोनों एक साथ बड़ी हुई हैं। बहनों की तरह एक-दूसरे के करीब हैं। सुहाना खान की पहली फिल्म 'द आर्चीज' के प्रीमियर में अनन्या उनके साथ ही बैठी थीं, लेकिन अब हमें इन दोनों की एक और खास बात पता चली है। जिसे पढ़ने के बाद दोनों के फैंस ही मंद मंद मुस्कुराने लगेंगे। जी हां, इस बात का खुलासा खुद अनन्या पांडे ने ही किया है। आइए बताते हैं ये मजेदार किस्सा। दरअसल, अनन्या कुछ ऐसा करती थीं, जिससे सुहाना रोने लगती थीं। इसका खुलासा खुद एक्ट्रेस ने किया है। दरअसल, अनन्या अपनी अपकमिंग फिल्म 'खो गए हम कहां' के प्रमोशन में लगी हुई हैं। यह फिल्म भी दोस्ती के ईद-गिर्द घूमती है।



# 'डंकी' का ओपनिंग डे पर बुरा हाल...


**मुंबई।** आखिरकार वो घड़ी आ ही गई, जिसका सभी को बेसब्री से इंतजार था। बॉक्स ऑफिस पर इस साल के सबसे बड़े क्लैश की। जी हां, हम बात कर रहे हैं शाहरुख खान की 'डंकी' और प्रभास की फिल्म 'सालार' की। 21 दिसंबर को राजकुमार हिरानी की फिल्म रिलीज हुई तो शुक्रवार को केजीएफ और केजीएफ 2 वाले प्रशांत नील की मूवी ने भी सिनेमाघरों में दस्तक दे दी है। आंकड़ों के मुताबिक, शाहरुख खान की डंकी ने पहले दिन महज 30 करोड़ रुपए की ओपनिंग ली है। ये शाहरुख की इस साल की सबसे कम ओपनिंग है। ऐसा लग रहा था कि एसआरके की 'डंकी' पहले दिन रिकॉर्ड बनाएगी, लेकिन एडवांस बुकिंग के आंकड़े बता रहे थे कि ऐसा कुछ नहीं होने वाला है, क्योंकि 'डंकी' की एडवांस बुकिंग सिर्फ 15 करोड़ रुपए के आसपास रही।

## टीवी मसाला



# पूजा बनर्जी ने तोड़ी संस्कारी छवि

**मुंबई।** पूजा बनर्जी का नाम टीवी जगत की फेमस एक्ट्रेस की लिस्ट में जरूर शामिल रहेगा। अपनी कमाल की अदाकारी के अलावा बेबाक खूबसूरती के लिए पूजा काफी जानी जाती हैं। सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहने वालीं पूजा बनर्जी का एक लेटेस्ट वीडियो सामने आया है। जिसमें टीवी एक्ट्रेस अपनी संस्कारी छवि तोड़ती हुईं नजर आ रही हैं। आलम ये है कि पूजा (Puja Banerjee) का ये वीडियो अब इंटरनेट पर सनसनी मचा रहा है। छोटे पर्दे के फेमस शो 'देवों के देव महादेव' में पूजा बनर्जी ने अहम भूमिका अदा की। इस धार्मिक टीवी सीरियल में पूजा ने पार्वती का किरदार अदा किया था, इस रोल के लिए आज भी अभिनेत्री को जाना जाता है। इस बीच पूजा का एक लेटेस्ट वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें वह संस्कारी छवि तोड़ बोल्ड होती हुई दिखाई दे रही हैं।इस वीडियो को शुक्रवार को पूजा बनर्जी ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया है। पूजा का ये वीडियो उनके लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान का है, जिसमें वह हॉट अवतार में नजर आ रही हैं। अदाकारा के ये वीडियो हॉटनेस से काफी भरा हुआ है। इस वीडियो को देख ये साफ कहा जा सकता है कि टीवी एक्ट्रेस ने बोल्डनेस की सारी हदें पार कर दी हैं।



## अंकिता की मां ने शेयर किया दामाद विकी का वीडियो

**मुंबई।** अंकिता लोखंडे और विकी जैन के रिश्ते को बिग बॉस शो में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन दोनों के बीच लड़ाई होती है। इतना ही नहीं हाल ही में अंकिता ने तलाक तक की बात कर दी। अंकिता के इस स्टेटमेंट को सुनकर फैंस हैरान हैं। फैंस को चिंता हो रही है कि कहीं इनका रिश्ता इस शो में टूट ना जाए। अब अंकिता के तलाक के स्टेटमेंट के बीच एक्ट्रेस की मां ने अपने दामाद को लेकर पोस्ट शेयर किया है। अंकिता की मां ने विकी का वीडियो शेयर किया है जिसे विकी के अकाउंट में ही शेयर किया गया है। वीडियो में विकी के मस्ती भरे अंदाज दिख रहे हैं। इस वीडियो को शेयर कर विकी के अकाउंट मे कैप्शन लिखा है, 'यह विकी भैया की पाठशाला है और हम उनसे नोट्स ले रहे हैं कि कूल कैसे बनें।

# मल्टीस्टारर फिल्मों में नहीं काम करना चाहते नए हीरो



**मुंबई।** 'गोलमाल' सीरीज की फिल्मों, 'चेन्नई एक्सप्रेस' और 'सिंघम', 'सिम्बा' और 'सूर्यवंशी' जैसी धमाकेदार फिल्मों के निर्देशक रोहित शेट्टी मानते हैं कि हिंदी सिनेमा अब भी देश के बड़े तबके तक पहुंच नहीं पा रहा है। रोहित का ये भी कहना है कि हिंदी फिल्म जगत के शीर्षस्थ लोगों में एकता नही है और नई पीढ़ी के कलाकार मल्टीस्टारर फिल्मों में काम करने से झिझकते है। एक इंटरव्यू में रोहित शेट्टी याद दिलाते हैं कि पहले दो तीन हीरो के साथ कितनी फिल्में बनती थी। लेकिन, अब के मैनेजर भी ये बात नही समझते और अभिनेताओं को असुरक्षित महसूस करवाते हैं। सलमान खान, शाहरुख खान और अजय देवगन जैसे बड़े कलाकारों ने भी मल्टी स्टारर फिल्मों में काम किया है। 'दृश्यम' इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। रोहित शेट्टी कहते हैं, 'हम सांस्कृतिक तौर पर जुड़े हुए नहीं हैं। अगर हम जुड़ पाएं तो हिंदी सिनेमा एक सशक्त इंडस्ट्री होगी। हम बहुत मजबूत इंडस्ट्री हैं लेकिन हम अपनी कुशलता और शक्ति को पहचानने में असफल हैं। अगर हम साथ आएं तो हम बहुत कुछ कर सकते हैं। दर्शक हमसे प्रेम करते हैं और हम समाज में कई बदलाव ला सकते हैं। हम इस बारे में सोच ही नहीं रहे कि थियेटरों की संख्या को कैसे बढ़ाया जाए। सरकार के साथ मिलकर कैसे बदलाव लाया जाए?



## असल जिंदगी में 'विलेन' निकले जोनाथन

**लॉस एंजिलिस।** मार्वल स्टूडियोज की फिल्मों में थानोस के बाद कांग को सबसे बड़ा सुपरविलेन बनाने की तैयारी थी। लेकिन एक्स गर्लफ्रेंड से मारपीट और उत्पीड़न के लिए दोषी ठहराए जाने के बाद मार्वल स्टूडियोज ने जोनाथन मेजर्स को बाहर निकाल दिया है। वह अब एमसीयू की किसी भी फिल्म या सीरीज में नजर नहीं आएंगे। जोनाथन मेजर्स को एक्स गर्लफ्रेंड के साथ थर्ड डिग्री मारपीट, दुष्कर्म और उत्पीड़न का दोषी पाया गया है। मार्वल स्टूडियोज ने जोनाथन को ऐसे वक्त में बाहर का रास्ता दिखाया है, जब वह आगे की कहानी में थानोस से भी बड़े विलन के किरदार में नजर आने वाले थे। जोनाथन के साथ एमसीयू 'एवेंजर्सः द कांग डायनेस्टी' फिल्म बनाने की तैयारी कर रहा था, जो मई 2026 में रिलीज होने वाली थी। जोनाथन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# मैंने प्यार किया के दौरान प्रेगनेंट थीं भाग्यश्री



**मुंबई।** अभिनेत्री भाग्यश्री ने सूरज बड़जात्या की फिल्म 'मैंने प्यार किया' से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। इस फिल्म में उनके सलमान खान नजर आए थे। यह फिल्म जबर्दस्त हिट साबित हुई थी। इस फिल्म से सलमान और भाग्यश्री दोनों को खूब पहचान मिली थी। भाग्यश्री ने इस फिल्म की शूटिंग के बाद शादी कर ली थी। वह हिमालय दासानी के साथ रिश्ते में थीं और इस फिल्म से स्टार बनने के बाद उन्होंने शादी रचा ली थी। भाग्यश्री ने हाल ही में एक बातचीत में मैंने प्यार किया के दिनों को याद किया। बातचीत के दौरान उन्होंने फिल्म के पोस्टर की शूटिंग के दिनों को याद कर एक किस्सा साझा किया। भाग्यश्री ने बताया कि उस समय वह प्रेगनेंट थीं, लेकिन इस बारे में किसी को नहीं पता था। तो जब वह पोस्टर की शूटिंग के लिए गईं तो सलमान ने उन्हें कहा कि वह मोटी हो गई हैं। अभिनेत्री ने बताया, 'जब मैंने मशहूर फोटोग्राफर गौतम राजदक्ष्य के साथ मैंने प्यार किया के पोस्टर के लिए फोटोशूट किया था, तू मैं पांच महीने की गर्भवती थी।

## नेगेटिविटी झेलने के बाद भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की

# पठान में दीपिका की बिकिनी से आदिपुरुष तक, इन फिल्मों पर हुए बड़े विवाद

साल 2023 बॉलीवुड इंडस्ट्री के लिए काफी शानदार रहा। पिछले कुछ समय से बॉलीवुड फिल्मों का जादू खत्म हो रहा था, इस साल सब निखरकर आया। कई फिल्में हिट रहीं तो कुछ फ्लॉप भी हुईं। वहीं ऐसी भी फिल्में थीं जिनको लेकर काफी विवाद हुआ। कुछ को बैन करने की भी मांग उठी। हालांकि इनमें ऐसी भी फिल्में हैं जिन्हें नेगेटिविटी झेलने के बाद भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की।




### आदिपुरुष

प्रभास स्टारर आदिपुरुष को लेकर फैंस को काफी उम्मीद थी। फिल्म में प्रभास ने राम का किरदार निभाया था और कृति सेनन ने सीता का। हालांकि फिल्म के कुछ सीन, वीएफएक्स और डायलॉग्स से फैंस काफी निराश हुए। कई संगठन ने तो फिल्म को बैन करने तक की मांग की।

### एनिमल

रणबीर कपूर स्टारर एनिमल फिल्म को लेकर काफी विवाद हुआ। फिल्म में ओवर हिंसा, मैरिटल रेप सीन को लेकर कई लोगों ने विरोध किया। सोशल मीडिया पर भी कुछ ने फिल्म को काफी नेगेटिव बताया। हालांकि रणबीर की एक्टिंग की काफी तारीफ हुई और फिल्म बॉक्स ऑफिस पर भी छा गई।







### पठान

शाहरुख खान की फिल्म पठान इस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म में से एक है। फिल्म को काफी जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला, लेकिन इसके गाने वेशर्म रंग को लेकर काफी बवाल हुआ था। गाने में दीपिका ने भगवा कलर की बिकिनी पहनी थी जिसको लेकर काफी विवाद हुआ।

### द केरल स्टोरी

फिल्म में जबरन धर्म परिवर्तन दिखाया गया और कथित तौर पर दावा किया था कि केरल में लगभग 32,000 महिलाओं को इस्लाम में परिवर्तन किया। फिल्म के अन्य कुछ सीन और डायलॉग भी काफी विवाद हुआ। यहां तक की फिल्म को बैन करने तक की मांग हुई थी।







### ओएमजी 2

अक्षय कुमार और पंकज त्रिपाठी स्टारर ओएमजी 2 सेक्स एजुकेशन पर आधारित थी। ट्रेलर में कुछ सीन को लेकर लोगों ने आपत्ती जताई थी जिसके बाद सीबीएफसी ने भी फिल्म को 'ए' सर्टिफिकेट दिया था। अक्षय और पंकज सीबीएफसी के इस फैसले से काफी हैरान थे।

## खबर संक्षेप

### हाइट गेज चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**छाल।** छाल पुलिस ने पुसल्दा रेलवे ब्रिज के हाईटगेज के चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। ज्ञात हो कि नारायण दास महंत पिता बालदास महंत उम्र 48 वर्ष निवासी चीतापाली ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि 26 मई को मध्य रात्रि पुसल्दा स्थित लाईन दोनो साईड के लोहे हाईट गेज कीमती साढ़े तीन लाख रुपए को अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा गैस कटर से काटकर चोरी कर ले गया है। सूचना पर पुलिस ने धारा 379 के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया था। विवेचना के दौरान 27 मई को अज्ञात आरोपीगण द्वारा उक्त चोरी गए हाईटगेज को पिकअप वाहन में ले जाते समय तरेकेला के पास उक्त पिकअप वाहन पलट जाने से आरोपीगण पिकअप वाहन एवं चोरी गए हाईटगेज को छोडकर फरार हो गए, जिसे जब्त किया जाकर प्रकरण के तीन आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जा चुका है। वहीं एक अन्य आरोपी हरिशंकर महंत पिता मोती दास महंत उम्र 21 वर्ष निवासी पुसल्दा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है

### संत अन्ना स्कूल में वार्षिकोत्सव संपन्न

**तमनार।** संत अन्ना हायर सेकेण्डरी स्कूल बासनपाली तमनार में वार्षिकोत्सव धूमधाम हर्षोल्लास से भव्य सम्पन्न हुआ। 10 वीं, 12 वीं बोर्ड परीक्षा के साथ सभी कक्षाओं में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल से सम्मानित किया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों के द्वारा हिंदी, अंग्रेजी, छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य पर्यावरण जल, पौध संरक्षण संवर्धन हेतु सजीव वेशभूषा में मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति से अतिथियों आगंतुक पालकगण मंत्रमुग्ध हुए। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना दीप प्रज्वलन कर अतिथियों एवं विशिष्ट गणमान्य नागरिकों का पुष्पहार से स्वागत सत्कार किया गया। मुख्य अतिथि संदीप सांगवान ने कहाकि तमनार अंचल में 1990 दशक में अंग्रेजी माध्यम स्कूल नही होने से परेशानी होती थी 1996 में संत अन्ना स्कूल स्थापना से अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई के साथ यहां के छात्र छात्राएं खेलकूद अन्य गतिविधियां में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे है। बच्चो पढ़ाई के साथ साथ अन्य गतिविधियों में भाग लेकर सफलता हासिल करने प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने विद्यालय के सर्वांगीण विकास में यथा सहयोग करने बात कही। सरपंच जगन्नाथ सिदार ने बताया कि बासनपाली में अंग्रेजी माध्यम संचालित गौरव की बात है छात्र छात्राये उत्कृष्ट सफलता हासिल कर स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संदीप सांगवान जेपीएल, ऋषिकेश शर्मा सीएसआर जेपीएल, सरपंच जगन्नाथ सिदार, दुलेन्द्र पटेल, कौशल साहू अन्य गणमान्य नागरिक एवं स्कूल संचालक ही मेम, प्रबंधक जेमा, प्रिंसिपल मरियम्मा, सुमन, ज्योति, प्रिया राय, जेरी, भावना, कुंजबिहारी, महेन्द्र एवं प्रार्थना नैंसी निषाद, वार्षिक प्रतिवेदन मयंक, मंच संचालन आयुष, हिमेश, खुशी, पायल द्वारा किया गया।

### राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर

**घरघोड़ा।** डॉ. भंवर सिंह पोर्ते कला विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय घरघोड़ा शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ से संबद्ध राष्ट्रीय सेवा योजना सप्त दिवसीय विशेष शिविर विश्वविद्यालय समन्वयक डॉ. सुशील कुमार एक्का, जिला संगठक भोजराम पटेल के निर्देशन में ग्राम कठरापाली ग्राम पंचायत कोनपारा में आयोजित विशेष शिविर संपन्न हुआ। शिविर के अंतिम दिन रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम अंतर्गत छत्तीसगढ़ के लोक कला संस्कृति के साथ समाज में नशामुक्ति एवं अंधविश्वास पर आधारित लघु नाटक का मंचन कर प्रस्तुति दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि तीरथ राम राठिया सरपंच, दिलीप साहू, गंगाधर साहू, ग्राम प्रमुख, राजकुमार बेहरा विशिष्ट अतिथि, अरुण कुमार पंडा अध्यक्ष महाविद्यालय समिति, सुरेन्द्र चौधरी अध्यक्ष नगर पंचायत घरघोडा, विजय डनसेना समिति सदस्य, प्रताप एक्का समिति सदस्य, विजय जायसवाल आदि की उपस्थिति रही।

## स्कूल में अव्यवस्था, मनमाने ढंग से करते हैं काम

# प्राथमिक शाला बोईरमाल में 15 विद्यार्थियों को पढ़ाने 4 शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली

सारंगढ बिलाईगढ़ जिले के ग्राम पंचायत खर्री छोटे के आश्रित ग्राम बोईरमाल में स्थित प्राथमिक शाला में गांव के सिर्फ 15 विद्यार्थी ही अध्ययन करने के लिए आते हैं। इन विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए यहां 4 शिक्षक हैं।

विद्यार्थियों की संख्या के अनुपात में शिक्षकों की संख्या अधिक हैं, वहीं इस विकासखंड में कुछ ऐसे भी विद्यालय हैं, जहां शिक्षकों का अभाव काफी समय से बना हुआ है। यही वजह है कि इनमें से एक या दो शिक्षकों को ऐसे विद्यालयों में स्थानांतरित करने की मांग ग्रामीणों द्वारा की जा रही है। ग्रामीणों की मानें तो विद्यालय में गांव के ही सिर्फ 15 बच्चे पढ़ने के लिए जाते हैं, चूंकि बच्चो की संख्या कम है। ऐसे में कई बार शिक्षक भी मनमाने ढंग से स्कूल आते हैं। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि कई बा तो मन मुताबिक शिक्षक आते हैं और पढ़ाकर चले जाते हैं। ग्रामीणों की मानें तो कई विद्यालय काफी समय से एकल शिक्षक के भरोसे चल रहा है, ऐसी स्थिति जिन विद्यालयों में अतिरिक्त शिक्षक हैं, वहां से कुछ शिक्षकों का तबादला कर देना चाहिए ताकि उस विद्यालय विशेष के विद्यार्थियों को शिक्षक की कमी ना हो। इस विद्यालय में 7 बालिका और 8 बालक है।



बिना शिक्षक पढ़ने को मजबूर विद्यार्थी।

### नियमित नहीं आते शिक्षक

जानकारी के अनुसार चूंकि इस विद्यालय में विद्यार्थियों के हिसाब से शिक्षकों की संख्या अधिक हैं। ऐसी स्थिति में इसका फायदा शिक्षक उठाते हैं और नियमित विद्यालय आने के बजाए बीच बीच में ही आते हैं। सूत्रों के अनुसार सप्ताह के तीन दिन दो शिक्षक फिर अगले तीन दिन दो शिक्षक अपनी उपस्थिति देते हैं।

### लापरवाही पर होगी कार्रवाई

इस बारे में जब बीईओ रेशम लाल कोसले को हरिभूमि ने जानकारी तो उन्होंने इस बारें में कहा कि यदि शिक्षकों की संख्या अधिक है तो दो शिक्षकों का स्थानांतरण करने की कार्रवाई की जाएगी। वहीं नियमित विद्यालय नहीं आने की जांच करते हुए उचित दंडात्मक कार्रवाई भी की जाएगी।

### दो शिक्षकों का होगा तबादला

हरिभूमि से चर्चा के दौरान बीईओ श्री कोसले ने एक शिक्षक का तत्काल तबादला करने की बात कही। वहीं एक अन्य शिक्षक के तबादले की प्रक्रिया 10 दिन के भीतर करने को कहा है। उन्होनें कहा कि ऐसे कई स्कूल हैं, जहां शिक्षकों की आवश्यकता है।

### जल्द की जाएगी कार्रवाई

एक शिक्षक का स्थानांतरण आदेश तत्काल जारी किया जा रहा है। वहीं इस विदयालय के एक अन्य शिक्षक को स्थानांतरण आगामी 10 के दिन भीतर जारी किया जाएगा। वहीं नियमित उपस्थिति नहीं होने को लेकर जांच करते हुए दंडात्कल कार्रवाई की जाएगी।

**रेशमलाल कोसले**
बीईओ, सारंगढ बिलाईगढ़

# रामलीला मैदान में दो दिवसीय मड़ई महोत्सव की रहेगी धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

विगत 27 वर्षो से यादव समाज के बधुंगण यादगार ऐतिहासिक मड़ई महोत्सव का आयोजन करते आ रहे हैं। जिसकी ख्याति पूरे प्रदेश में रहती है। इसी सामाजिक गौरवशाली परंपरा का निर्वहन करते हुए 28 वे मड़ई महोत्स्व का 23 दिसम्बर से शुभरम्भ होगा।

कार्यक्रम के संदर्भ में होटल जानकी वाटिका में पत्रकारों को जानकारी देते हुए यादव मड़ई महोत्सव समिति के अध्यक्ष शाखा यादव ने बताया कि लोक कला एवं हमारी प्राचीन संस्कृति की परंपरा को अक्षुण्ण रखते हुए इस बार भी विशिष्टगणों की विशेष उपस्थिति में 28 वाँ यादव मड़ई महोत्स्व मनाया जाएगा जिसमे आज प्रथम दिन सांस्कृतिक कार्यकर्म होंगे। वहीं रविवार को शौर्य नृत्य मड़ई महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। नृत्य टीम में अन्य जिलों से भी इस बार टीम के कलाकार अपनी मनभावन प्रस्तुति देंगे।वहीं कलाकारों के लिए रहने व खाने.पीने की भी व्यवस्था की गई है। वहीं आयोजन को भव्यता देने में हर संभव प्रयास किया जा रहा है। वहीं इस महोत्सव के अंतर्गत हमारे छत्तीसगढ़ की संस्कृति को विशेष रूप से फोकस किया जाएगा। यादव मड़ई महोत्सव समिति के अशोक यादव व विकास ठेठवार ने बताया कि कार्यक्रम के अन्तर्गत पहले दिन बच्चों के लिए खास सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन आज रामलीला मैदान में होगा। वहीं दूसरे दिन शौर्य नृत्य महोत्सव में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले टीम के सदस्यों को पुरस्कृत किया जाएगा। वहीं यादव समाज के वरिष्ठ सदस्य गणेश यादव ने बताया कि अन्य लोक नृत्य के साथ ही राउत नाचा भी प्रदेश के प्रमुख लोक नृत्य मे से एक है। हालांकि नई पीढ़ी का रुझान अब इस पारम्परिक कला की ओर कम हो रहा है। हमारे तरफ से युवा पीढ़ी को सिखाने के लिए समय समय पर कार्यक्रम रखे जाते है लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। श्री यादव ने कहा की शासन को भी लोक कलाओ को आगे बढ़ाने पर ध्यान दिया जाना चाहिए। पूर्व मे भूपेश सरकार ने लोक कलाओ को बढ़ावा देने का काम किया था अब नई सरकार आ गयी है उससे भी उम्मीद है कि लोक कला को जीवित रखने विशेष प्रयास किये जाएंगे।





# जेएसपी फाउंडेशन ने किया किसान सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार

जेएसपी फाउंडेशन जेपीएल द्वारा राष्ट्रीय किसान दिवस 23 दिसम्बर जिप्ट तमनार में 52 गांव के सैकड़ो किसान बंधुओ की गरिमामयी उपस्थिति में किसान सम्मेलन पर पद्धति कृषि, बहुफसली, बागवानी आधुनिक तकनीक हेतु जागरूक कर उत्कृष्ट किसानों को सम्मानित किया गया।

सर्वप्रथम भारतमाता की पूजा अर्चना कर अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं को बताते केंद्र व राज्य शासन एवं जेएसपी फाउंडेशन जेपीएल द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने आग्रह किया गया। सम्मेलन में पद्धति से धान, मशरूम, फलोद्यान, बागवानी, जैविक खेती क्षेत्र में आधुनिक तकनीक, यंत्रीकरण एवं बहुफसली को बढ़ावा देने प्रोत्साहित किया गया। सम्मेलन में कृषि विभाग एवं जेएसपी फाउंडेशन द्वारा उत्पादन में वृद्धि तकनीकी व अनुदान जानकारी एविभिन्न योजनाओं की लाभ एवं सम्मानित करने पर कार्यक्रम में शामिल किसान गदगद हुए। आरडी काटरे सहायक उपाध्यक्ष जेपीएल ने अन्नदाता किसानों को देश का रीढ़ बताते आधुनिक कृषि को बढ़ावा एवं किसानों सशक्त बनने प्रोत्साहित किए। अशोक कुमार गोयल सहायक उद्यान अधिकारी ने केंद्र व राज्य सरकार की कृषि उद्यानिकी संबंधी विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी दी। फसल बीमा योजना, केसीसी, अनुदान, पाम ऑयल, फल-फूल सब्जियों रबी व खरीफ सीजन में उत्पादन की जानकारी दी गई। अमित चौधरी ने तमनार ब्लाक अंतर्गत गांव में श्री पद्धति से धान फसल, आम एवं अन्य आर्गेनिक फसल, बागवानी संबंधी उत्पादन लाभ बारे में जानकारी दी गई। कृषि विस्तार अधिकारी यूएन नगाइच ने सभी किसानों को राष्ट्रीय किसान दिवस की बधाई देते कहाकि भारत कृषि प्रधान देश है। छत्तीसगढ़ धान की कटोरा है। हम आधुनिक कृषि उन्नत कृषि उपकरणों का उपयोग कर अधिक लाभ कमा सकते है। कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं को बताते छत्तीसगढ़ शासन कृषि विभाग व जेएसपी फाउंडेशन जेपीएल द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने आग्रह किए।

- आधुनिक तकनीक हेतु उत्कृष्ट किसानों को सम्मानित किया गया

उल्लेखनीय है कि जेएसपी फाउंडेशन जेपीएल द्वारा अंगीकृत 52 ग्रामो के किसानों को कृषि बागवानी आजीविका हेतु कृषि उपकरण खाद बीज सामग्रियां प्रदाय कर प्रोत्साहित की जाती है। ऋषिकेश शर्मा विभागाध्यक्ष सीएसआर ने कहाकि जेएसपी फाउंडेशन जेपीएल तमनार कृषि उत्पादन में बढ़ोतरी, यंत्रीकरण, बहु फसली कृषि, बागवानी, फलोद्यान के साथ किसानों की सर्वांगीण विकास हेतु हरसंभव प्रयास की जा रही है।

# डिजिटल रथ ने किया गारंटी योजनाओं का क्षेत्र में प्रचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



मोदी की गारंटी वाली डिजिटल रथ गांव-गांव पहुंचकर ग्रामवासियों को लाभान्वित कर रही है। यह एक ऐसा रथ है जिसमें केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी लोगों को मिल रही है। आज धरमजयगढ़ विकासखण्ड के ग्राम बाकारूमा एवं चरखापारा, घरघोड़ा के ग्राम कुर्मीभौना एवं पोरडा, रायगढ़ के बनोरा एवं सकरबोगा तथा तमनार के आमाघाट एवं गोढ़ी में डिजिटल रथ पहुंचकर ग्रामवासियों को शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की।

**खास बात**

- केन्द्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हो रहे ग्रामवासी

कार्यक्रम स्थलों में विभिन्न विभागों द्वारा आम जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने हेतु स्टॉल भी लगाया गया था। जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा आम जनता को योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा उसका लाभ उठाने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम स्थल में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा आम लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई। इस अवसर पर केन्द्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सामग्रियों का वितरण भी किया गया। प्रधानमंत्री श्री मोदी के गारंटी के अनुरूप प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 18 लाख गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना देने का कार्य की शुरूआत कर दी है। सभी बुनियादी आवश्कताओं की पूर्ति के लिए मोदी सरकार द्वारा पानीए शौचालय, सड़क स्वास्थ्य आदि की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। मोदी जी का सपना कि हर गरीब की उन्नति और प्रगति होए प्रत्येक गांव का विकास हो इसके लिए काम किया जा रहा हैं।

मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से शिविर में पहुंची ग्राम आमाघाट निवासी श्रीमती पूनम खलखो ने कहा की स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत उनके घर में शौचालय बनाया गया हैं। उन्होंने कहा कि खुले में शौच जाने से बहुत दिक्कते होती थी, इसके साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से सांप, बिच्छू, कीड़े.मकोड़े का डर बना रहता था। आज घर में शौचालय बन जाने से अब वे समस्याएं दूर हो चुकी है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को योजना के संचालन अंतर्गत घरों में शौचालन बनवाने के लिए धन्यवाद दी है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का डिजीटल रथ कल 23 दिसम्बर को जिले के इन गांवों में पहुंचेगी। जहां केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के संबंध में लोगों को जानकारी दी जाएगी। इनमें विकासखण्ड रायगढ़ के ग्राम छुहीपाली एवं कुकुर्दा एवं विखं कचकोबा एवं कसडोल शामिल है।

### ग्रामीण बैंक नए भवन का शुभारंभ

**सरसींवा।** ग्राहकों की सुविधा को देखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा सरसींवा का स्थानांतरण नए भवन में किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन आई के गोहिल अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के मुख्य आतिथ्य में एवं अमरजीत सिंह खनूजा क्षेत्रीय प्रबंधक रायपुर के अध्यक्षता में सरपंच नीतीश बंजारे एवं प्रमुख व्यवसायी कमल जालान के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। सर्वप्रथम फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलन कर नए भवन का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बैंक के अध्यक्ष आईके गोहिल क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर की उपलब्धियों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की साथ ही स्थानीय बैंक शाखा की उपलब्धियों के लिए स्थानीय ग्राहकों को धन्यवाद दिए जिसके सहयोग से सरसींवा जैसे जगह में बैंक का कारोबार व्यवसाय बहुत बढ़ा है। स्थानीय बैंक शाखा में उपलब्ध सुविधाओ की भी जानकारी दी साथ ही अतिशीध्र एटीम खोलने की बात कही। इस अवसर पर क्रमशः सरसींवा भटगांव, बिलाईगढ़ पवनी एव कटगी 58 उपभोक्ताओं ए महिला स्वसहायता समूहों को लगभग चार करोड़ का ऋण वितरित करते हुए चेक प्रदान किए। कार्यक्रम का संचालन शाश्वत सिंह एवं देवेश भोई द्वारा किया गया एवं अंत में समारोह में उपस्थित आगंतुको का आभार व्यक्त सरसींवा के प्रबंधक हेमंत सिरमौर द्वारा किया गया।

# अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज ने प्रगति परियोजना का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज एएनआर द्वारा कोयला खदानों में एक वैधानिक पद माइनिंग सरदार दक्षता प्रमाण पत्र की परीक्षा की निःशुल्क तैयारी के लिए प्रगति परियोजना का शुभारंभ बुधवार को किया गया। जिले के तमनार विकासखंड में स्थित गारे पेल्मा कोलियरी लिमिटेड जीपी सीएल परिसर के व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र में इस कार्यक्रम का उद्घाटन 20 दिसंबर को चीफ ऑफ क्लस्टर मुकेश कुमार द्वारा किया गया।

- माइनिंग सरदार दक्षता परीक्षा की तैयारी के लिए शुरू हुई योजना

इस मौके पर रांची के प्रसिद्ध प्रशिक्षक बिजय किशोर, महाप्रबंधक तकनीकी प्रशिक्षण रवि रेमी, क्लस्टर एचआर हेड केके दुबे सहित अन्य विभागों के प्रमुख मौजूद थे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एक वैधानिक नियोक्ता के रूप में परियोजना प्रभावित ग्रामों के सक्षम युवाओं को कोयला खनन उद्योग से जोड़ने के लिए आवश्यक व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर उनमें कार्यकुशलता तथा जिम्मेदारी के स्तर को बढ़ाना है। प्रशिक्षण के प्रथम बैच में खदान में कार्यरत ग्राम मिलूपारा, खमरिया, करवही, बजरमुड़ा और ढोलनारा गांव के कुल 28 पात्र उम्मीदवारों को प्रशिक्षण के लिए चुना गया है। जिन्हें इस दौरान कुशल नेतृत्व में जिम्मेदारी पूर्वक तैयारी कराई जाएगी। अपने शुभेच्छा सन्देश में क्लस्टर प्रमुख मुकेश कुमार ने कहा किए जीपी सीएल द्वारा अपने परियोजना प्रभावित गांव में समावेशी विकासात्मक प्रक्रियाओं को चलाया जा रहा है। डीजीएमएस द्वारा कोयला खदानों में एक वैधानिक पद के लिए आयोजित माइनिंग सरदार प्रमाण पत्र की दक्षता परीक्षा की तैयारी के लिए आज हमने प्रगति नाम से प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है जिससे इस खदान में कार्यरत कर्मचारियों को परीक्षा की बारीकियों को समझाया जायेगा। वहीं नए सक्षम उम्मीदवारों को भी इस परीक्षा को पास करके कई खदानों में वैधानिक पदों पर नियुक्ति मिल सकती है। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षक व फैसिलिटेटर बिजय किशोर ने प्रशिक्षण पद्धति तथा अन्य दिशा निर्देशों की जानकारी देते हुए बताया किए खान सुरक्षा महानिदेशालय डीजीएमएस, धनबाद द्वारा कोयला खदानों में माइनिंग सरदार पद के लिए हर साल दिसम्बर माह में दक्षता प्रमाण पत्र की परीक्षा आयोजित की जाती है। यह पद किसी भी कोयला खनन कंपनी में बहुत ही जरुरी तथा जिम्मेदारी वाला होता है। साथ ही इसमें पास होने से कर्मचारी के वेतन और तरक्की की संभावनाएं बेहतर होती हैं।

# महिलाओं को सिलाई मशीन वितरित कर एनटीपीसी ने बनाया सशक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

एनटीपीसी तलईपल्ली ने 22 दिसंबर को परियोजना प्रभावित गांवों की महिलाओं के लिए सफल सिलाई प्रशिक्षण सत्रों को आयोजित करने के पश्चात सिलाई मशीन वितरण अभियान का आयोजन किया।

स्थायी आजीविका के अवसर प्रदान करने और स्थानीय महिलाओं को सशक्त बनाने के लिएए एनटीपीसी तलाईपल्ली ने सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा करने वाली प्रतिभागियों को कुल 43 इलेक्ट्रॉनिक सिलाई मशीनें वितरित कीं। श्रीमती रिशा ठाकुर अनुविभागीय अधिकारी, घरघोड़ा और विजय कुमार कानूनगो परियोजना प्रमुख एनटीपीसी तलईपल्ली इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे। अन्य उल्लेखनीय अतिथियों में बीएल स्वामी, विभागाध्यक्ष एलएआर शामिल थे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए श्रीमती ठाकुर ने अपने उन दिनों को याद किया जब वह आजीविका कमाने और छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में एक अधिकारी बनने के अपने प्रयासों में स्वसहायता करने हेतु छात्रों को ट्यूशन पढ़ाती थीं। श्रीमती ठाकुर ने सभी लाभार्थियों को बधाई दी और उनके आगे की स्वतंत्र यात्रा की कामना की। एनटीपीसी तलईपल्ली परियोजना प्रभावित लोगों के उत्थान के लिए लगातार काम कर रहा है। परियोजना द्वारा की गई विभिन्न पहलों में सेए सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम सबसे सफल पहलों में से एक रहा है। तीन महीने तक यह कार्यक्रम महिलाओं को प्रशिक्षित करेगा।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO ज़ेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी.मढ़रिया डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया को-डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
● OCT द्वारा रेटिना व कॉचबिन्द का जांच व ईलाज
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
आई.जी.ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के पीछे, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-402070, 228277, मो. : 9826190123, 9669979123

Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
राहुल ट्रैवेल्स अब आपके क्षेत्र में फ्रेंचाइजी / एजेंसी दे रहे है,
मात्र 20000 से 25000 के इन्वेस्टमेंट में 10 % का मार्जिन।
राहुल ट्रैवेल्स
(वन वे टैक्सी प्राइवेट लिमिटेड)
रायपुर एयरपोर्ट (छग)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे -
विनोद पिंजानी 7693055301
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 7,500/-
रायपुर, बिलासपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 मार्च से 09 मार्च 2024 तक
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, माँ कामाख्या देवी, कलकत्ता
राशि : स्लीपर 12,500/-, 3 एसी-19,500/-, 2 एसी 25,500/-
ऑफर राशि : स्लीपर 7,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 20,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7247-411411